आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 26.03.2025

मुख्य समाचारः—

1— सीबीआई ने महादेव सट्टा ऐप घोटाले की जांच के सिलसिले में आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कुछ राजनेताओं, पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली के साठ ठिकानों पर की छापेमार कार्रवाई।

2— भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने सौगात—ए—मोदी अभियान की शुरुआत की है।

3— सुकमा और दंतेवाड़ा जिले में पन्द्रह माओवादियों ने आज किया आत्मसमर्पण।

4— कबीरधाम जिले में आज से शुरू हो रहा है भोरमदेव महोत्सव।

सीबीआई—छापा

केंद्रीय जांच ब्यूरो—सीबीआई ने महादेव बुक ऑनलाइन सट्टा घोटाले की जांच के सिलसिले में आज छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित उनके करीबी सहयोगियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के घरों पर छापा मारा। जिन लोगों के यहां छापा मारा गया है, उनमें चार आईपीएस अधिकारी समेत सात पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। जिन आईपीएस अधिकारियों के घरों पर आज सीबीआई की टीम पहुंची, उनमें आनंद छाबड़ा, आरिफ शेख, अभिषेक पल्लव और प्रशांत अग्रवाल शामिल हैं। इसके अलावा दो एडिशनल एसपी अभिषेक माहेश्वरी और संजय ध्रुव समेत दो कांस्टेबलों के ठिकानों पर भी छापेमार कार्रवाई की गई। इसके अलावा सीबीआई ने विधायक देवेन्द्र यादव, पूर्व मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, उनके ओएसडी रहे आशीष वर्मा और मनीष बंछोर के यहां छापा मारा। साथ ही जेल में बंद सौम्या चौरसिया के यहां भी छापे की कार्रवाई की गई है।

सीबीआई द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार आज छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली के साठ स्थानों पर छापेमार की कार्रवाई की है। इसमें राजनेताओं, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, महादेव बुक के प्रमुख पदाधिकारियों और मामले में शामिल अन्य निजी व्यक्तियों से जुड़े परिसर शामिल हैं। तलाशी के दौरान डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य पाए गए हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। इसके अलावा अनेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं।

सीबीआई ने बताया कि यह मामला रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर द्वारा चलाए जा रहे ऑनलाइन सट्टा महादेव बुक से संबंधित है, जो वर्तमान में दुबई में रहते हैं। जांच से पता चला है कि प्रमोटरों ने अपने अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क के सुचारू और निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कथित तौर पर लोक सेवकों को सुरक्षा धन के रूप में बड़ी मात्रा में भुगतान किया। विज्ञप्ति में बताया गया है कि शुरू में आर्थिक अपराध शाखा—ईओडब्ल्यू रायपुर द्वारा दर्ज किया गया, बाद में मामले को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वरिष्ठ सार्वजनिक अधिकारियों और अन्य आरोपी व्यक्तियों की भूमिका की व्यापक जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया था।

कांग्रेस—प्रदर्शन

दूसरी ओर, सीबीआई द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव सहित पार्टी के विभिन्न कार्यकर्ताओं पर छापेमारी के विरोध में कांग्रेस कल सत्ताईस मार्च को प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस प्रदर्शन में कांग्रेस के सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक सहित सभी मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## सौगात–ए–मोदी अभियान

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने सौगात–ए–मोदी अभियान की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य देशभर में बत्तीस लाख गरीब मुस्लिम परिवारों को ईद के अवसर पर विशेष किट वितरित करना है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने और आगामी अवसरों जैसे नवरेज़ और भारतीय नववर्ष के दौरान, अल्पसंख्यक मोर्चा सौगात–ए–मोदी अभियान के अंतर्गत जरूरतमंदों तक पहुंचने का प्रयास करेगा।

श्री सिद्दीकी ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत बत्तीस हजार अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ता देशभर के बत्तीस हजार मस्जिदों के साथ मिलकर जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाएंगे।

## बेंगलुरू–इन्वेस्टर कनेक्ट मीट

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बेंगलुरु में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में देश के शीर्ष उद्योगपतियों और बिजनेस लीडर्स से संवाद कर राज्य में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। इस दौरान इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी–आईटीईएस, खाद्य प्रसंस्करण और ग्रीन फ्यूल जैसे क्षेत्रों के कई बड़ी कम्पनियों ने सैंतीस सौ करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव सौंपे। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार ने आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नैसकॉम, इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन और द इंडस एंटरप्रेन्योर्स बैंगलोर के साथ महत्वपूर्ण एमओयू भी साइन किया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने नैसकॉम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, इससे कौशल विकास में निवेश बढ़ेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खनिज संसाधनों की बहुलता है। साथ ही बिजली उत्पादन में भी राज्य की स्थिति बेहतर है। ऐसे में निवेशकों को इसका लाभ मिलेगा।

इससे पहले, इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक चंडक सहित अन्य प्रतिनिधियों ने राउंड टेबल बैठक में हिस्सा लिया। जहां मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर सेक्टर में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

## माओवादी–आत्मसमर्पण

सुकमा जिले में छह महिला सहित नौ माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों ने जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण और एएसपी उमेश गुप्ता तथा सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया और इन पर कुल छब्बीस लाख रूपए का इनाम घोषित था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोंटा ब्लॉक में लंबे समय सक्रिय रहे वेट्टी कन्नी ने भी आत्मसमर्पण किया है।

वहीं, दन्तेवाड़ा जिले में तेरह लाख रूपए के तीन इनामी सहित छह माओवादियों ने आत्समर्पण किया है। इनमें से महिला माओवादी पर आठ लाख रूपए और दो अन्य पुरूष माओवादी पर तीन तथा दो लाख रूपए का इनाम घोषित था। इन सभी माओवादियों पर कई वारदातों में शामिल रहने का आरोप है।

भोरमदेव–महोत्सव

कबीरधाम जिले में आज से भोरमदेव महोत्सव शुरू हो रहा है। दो दिन के इस महोत्सव के दौरान देश और प्रदेश के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस महोत्सव का शुभारंभ आज विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि इस समारोह के दौरान आज जाने–माने भजन गायक हंसराज रघुवंशी शिव भजनों की प्रस्तुति देंगे।

महोत्सव का समापन कल होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे।

वेव्स–समिट

एक से चार मई को मुंबई में होने जा रहे पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स के लिए मीडिया प्रतिनिधियों का पंजीकरण आज से शुरू हो गया है। इसमें शामिल होने के लिए पत्रकारों, फ़ोटोग्राफ़रों, कंटेंट क्रिएटर्स और मीडिया पेशेवरों को आमंत्रित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़–सम्मान

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में कल राष्ट्रीय समारोह में छत्तीसगढ़ को ''टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान'' में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पचास लाख से अधिक आबादी वाले राज्यों की श्रेणी में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सर्वाधिक अनुपात के लिए प्रदान किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित समारोह में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक विजय दयाराम के. को यह पुरस्कार प्रदान किया इस दौरान केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य ने ''टीबी मुक्त पंचायत'' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अनुकरणीय कार्य किया है।

प्रकृति परीक्षण–सम्मान

''देश का प्रकृति परीक्षण'' अभियान में छत्तीसगढ़ राज्य को पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली के तत्वावधान में मुंबई में देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के प्रथम चरण का समापन समारोह मनाया गया। अभियान के पहले चरण में स्ट्राइक रेट के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य को पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त होने पर प्रशस्ति पत्र और ट्राफी से सम्मानित किया गया।

राज्यपाल–कोरिया

राज्यपाल रमेन डेका आज एक दिवसीय कोरिया जिले दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले के किसानों द्वारा तैयार किए गए 'सोनहत मूंगफली तेल' और 'सोनहनी जैविक शहद' का शुभारंभ किया।

इस दौरान राज्यपाल ने 'सोनहनी' जैविक शहद का भी शुभारंभ किया, जो बैकुंठपुर और सोनहत के किसानों द्वारा झारखंड से लाए गए इटालियन मधुमक्खियों की मदद से तैयार किया जा रहा है।

राज्यपाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><>